भारतीय प्रबंध संस्थान अमृतसर, पुस्तकालय
Indian Institute of Management Amritsar
LIBRARY

IIM Amritsar Media Coverage, दैनिक जागरण (Dainik Jagaran), Page No: 18, DATE: 30/07/2024

सभी के सहयोग से संस्थान यहां तक पहुंचा : डा. रामामूर्ति

आइआइएम के 10वें स्थापना दिवस पर भव्य आयोजन, मानावाला कैंपस में लगाए पौधे

जागरण संवाददाता, अमृतसर : आइआइएम अमृतसर की ओर से होटल कोर्ट यार्ड बाय मेरियट में अपने दसवें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इससे पूर्व मानावाला स्थित कैंपस में पौधारोपण किया गया, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ विद्यार्थियों को जोड़ा जा सके। समारोह का शुभारंभ निर्देशक डा. नागराजन रामामूर्ति ने दीप प्रज्जवलित करके किया। डा. रामामूर्ति ने बतौर निर्देशक अपने पांच साल के कार्यकाल की यादों को ताजा करते हुए कहा कि संस्थान की शुरुआत केवल 20 कर्मचारियों और संकाय सदस्यों के साथ हुई थी।

अब यह संस्थान अपने नए मानावाला कैंपस में स्थानांतरित होने को तैयार है। उन्होंने संस्थान के संकाय, कर्मचारी, पूर्व छात्र और

आइआइएम के दसवें स्थापना दिवस पर केक काटने की रस्म अदा करते हुए निर्देशक डा. नागराजन रामामूर्ति, उनकी पत्नी मीरा रामामूर्ति, एकेडमिक्स एवं प्रशासन की डीन डा. महिमा गुप्ता • सौजन्य आइआइएम

छात्रों का आभार जताते हुए कहा कि सभी के योगदान के बिना संस्थान इस मुकाम तक नहीं पहुंच सकता था।

डा. रामामूर्ति के भाषण के बाद मीडिया एवं पब्लिक रिलेशन समिति ने एक वीडियो पेश किया गया, जो संस्थान की स्थापना और उसके छात्रों और पूर्व छात्रों की यादें संजोए हुए था। वीडियो में संस्थान के पहले बैच से लेकर आठवें बैच (जो 2024 में स्नातक हुआ) तक के छात्रों के प्रशंसापत्र शामिल थे।

कार्यक्रम का समापन केक काटने के साथ हुआ। इसके बाद संस्थान के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की।

इस अवसर पर निर्देशक डा. नागराजन रामामूर्ति की पत्नी मीरा रामामूर्ति और एकेडमिक्स एवं प्रशासन की डीन डा. महिमा गुप्ता विशेष रूप से शामिल हुए।

भारतीय प्रबंध संस्थान अमृतसर ★ Indian Institute of Management Amritsar
पुस्तकालय
LIBRARY